पिस्सू और उसके कुत्ते की कहानी

फेथ मैकनल्टी

चित्र: मैविस स्मिथ

पिस्सू और उसके कुत्ते की कहानी

फेथ मैकनल्टी

चित्र: मैविस स्मिथ

हेलो!

मैं हरमन नाम का एक पिस्सू हूँ.

बस थोड़ी देर शांत रहो

जब तक मैं कूद रहा हूँ

तब तक मैं तुम्हें

अपने जीवन की कहानी सुनाऊंगा.

देखो मेरा जीवन कितना रोमांचक है!

अक्सर मैं बाल-बाल बच निकलता हूं.

लेकिन हम पिस्सू होशियार होते हैं

—और भाग्यशाली भी.

पिस्सू हमेशा जीतते हैं!

मैं एक गलीचे में पैदा हुआ था

जहाँ मेरी माँ ने कुछ सौ अंडे दिए थे.

मैं एक छोटा सा प्राणी था, कमज़ोर,असहाय और भूखा.

मैंने धूल और अन्य चीज़ें खाईं और जल्दी ही बड़ा हो गया.

कुछ ही दिनों में मैंने अपनी पहली छलांग लगाई.

वो सिर्फ़ एक छोटी सी छलांग थी,

लेकिन मुझे वो बहुत पसंद आई.

मुझे पता था कि मैं कूदने के लिए ही पैदा हुआ था.

मैंने फिर से छलांग लगाई,

इतनी ऊँची कि मुझे पूरी दुनिया दिखाई दे रही थी.

मैंने फूलों से लदे गलीचे का एक समुद्र देखा -

बहुत सुंदर - रॉकी पर्वत जितना बड़ा एक सोफा,

और मैंने एक कुत्ता देखा!

एक प्यारा, रोएँदार, पीला कुत्ता,

जो सोफे के पास गलीचे पर लेटा हुआ था.

पहली ही नज़र में मुझे उससे प्यार हो गया.

मैं गलीचे पर उछल-कूद करने लगा.

मेरे भाई-बहन - जो बहुत सारे थे

वे भी मेरी बगल में उछल-कूद करने लगे.

लगभग सभी वहाँ पहुँच गए थे,

तभी मैंने एक सीटी सुनी.

एक आवाज़ आई,

"आओ, गोल्डी!"

कुत्ता उठ गया और कमरे से बाहर भाग गया.

मैं बैठ गया और रोने लगा.

मेरे भाई-बहन भी रोने लगे.

लेकिन हम पिस्सू बहुत होशियार होते हैं

और हम कभी भी हार नहीं मानते.

हमने इस पर चर्चा की और एक विचार आया

हम उस जगह पर जाएं जहाँ कुत्ता लेटा था

और फिर उसके लौटने का इंतज़ार करें!

इसलिए, हम वहाँ पहुंचे.

हम कुत्ते के बालों से बता सकते थे

कि हम सही जगह पर पहुंचे थे.

जब हम इंतज़ार कर रहे थे,

तब हमने खेल खेले -

टैग, हॉपस्कॉच, छुपम-छुपाई आदि.

मैंने ऊंची छलांग लगाने और तेज़ी से मुड़ने का अभ्यास किया.

लेकिन हमें भूख लग रही थी.

वास्तव में, मैं भूख से मर रहा था.

मैंने सोचा, अगर वह कुत्ता जल्दी वापस नहीं आया तो मैं मर जाऊँगा!

फिर मैंने पदचिह्न और आवाज़ें सुनीं.

गोल्डी कमरे में घुसी

और फिर, (सिसकते हुए!) सोफ़े पर कूद गई.

हमारी पहुंच से बाहर!

हम सब फिर से चिल्लाने लगे.

तभी एक महिला कमरे में आई.

उसने कहा, "गोल्डी!

इसी मिनट सोफे से नीचे उतरो!

तुम्हें शर्म आनी चाहिए!"

गोल्डी सोफ़े से कूद गई और वो वहीं लेट गई

जहाँ हम उसका इंतज़ार कर रहे थे.

गाते और हँसते हुए,

हम उस पर चढ़ गए.

गोल्डी के बालों में

हमारा जीवन बहुत बढ़िया था.

ऐसा लग रहा था कि उसने हमें नोटिस ही नहीं किया.

हमने अच्छा खाया.

हमने सुनहरे बालों के जंगल में खेल खेले.

फिर उसने खुजलाना शुरू कर दिया.

यह भयानक था.

किसी भी क्षण तीखे नाखून बालों को चीर सकते थे.

मुझे डर था कि मैं कुचला जाऊँगा या हवा में फेंका जाऊँगा.

मैंने अपने कुछ भाइयों के साथ ऐसा होते देखा था.

लेकिन पिस्सू बहुत होशियार होते हैं!

मुझे समझ में आ गया कि मुझे क्या करना चाहिए.

पहली खरोंच पर, मैं जल्दी से उसके पंजे के पास गया.

उसके पैरों की उंगलियों के बीच में,

मैं सुरक्षित रूप से आगे बढ़ता रहा, जबकि वह खुजला रही थी.

आप को मानना होगा कि यह बड़ी चतुराई थी!

फिर सबसे बुरा हुआ!

लड़के ने कहा, "आओ, गोल्डी!"

वह गलीचे पर बैठ गया और उसे सहलाने लगा,

फिर गोल्डी अपनी पीठ के बल लेट गई.

हम इसके लिए तैयार नहीं थे.

लड़के ने हममें से कुछ को गोल्डी के पेट पर देखा,

हम बचने की तलाश में इधर-उधर भाग रहे थे.

लड़का चिल्लाया, "माँ! गोल्डी के फर में पिस्सू हैं!"

"मुझे भी ऐसा लग रहा था," माँ ने कहा.

"उसे जल्दी से नहला दो."

अगली बात जो मुझे पता चली,

हम सब टब में थे.

ऊपर से पानी बरस रहा था.

और हम सब भीग रहे थे.

गोल्डी काँप रही थी और

छटपटा रही थी.

लड़का उसका कॉलर पकड़कर

कह रहा था, "अच्छा! अब चुपचाप रहो!"

मैं डर गया था.

मेरी पूरी दुनिया काँप रही थी

और हिल रही थी और गीली हो रही थी!

मैंने देखा कि की मेरे कई भाई-बहन नाली में बह गए थे!

मैं गोल्डी की गर्दन तक दौड़ा,

जहां बाल घने थे, और वहां पर लटक गया.

मैं एक पल के लिए सुरक्षित था.

फिर साबुन के झाग मेरे ऊपर से बहने लगे

झाग की लहरों में.

मैं नीचे बह गया.

मुझे नहीं पता था कि मैं कहाँ हूँ.

क्योंकि मेरी आँखों और मुँह पर साबुन था.

लड़के ने कहा,

"जब तक मैं तुम्हें धोता हूँ, तब तक शांत रहो."

साफ़ पानी मेरे ऊपर से बहा

फिर मैंने अपनी पकड़ खो दी.

मैं एक धार के साथ बह गया

जो टब में गिरती थी.

मैं उस छेद देख सकता था

जहाँ से पानी नीचे गिरता था.

मैं अपने कई भाई-बहनों को

गायब होते हुए देखा!

मैं पानी में हूँ, और चक्कर लगा रहा हूँ.

मुझे लगता है कि मैं बर्बाद हो जाऊंगा,

लेकिन तभी मुझे गोल्डी का पंजा दिखाई दिया.

काश मैं उस तक पहुँच पाता!

धारा के विपरीत किक मारते हुए,

मैं उस तक पहुँच जाता हूँ.

मैं बालों का एक गुच्छा पकड़ कर

उस पर चढ़ता हूँ, और उसे कसकर पकड़े रहता हूं.

कुछ क्षण बाद, गोल्डी टब से बाहर आ जाती है,

उसे तौलिए से सुखाया जाता है.

मैं उसके पैरों के बीच छिपकर लेट जाता हूँ.

जब खतरा टल जाता है,

तो मैं उसके पैर पर चढ़ता हूं.

मैं उसके पीठ तक अच्छे, साफ फर से होकर दौड़ता हूं.

वहाँ मेरी अपने कुछ भाई-बहनों से मुलाक़ात होती है.

हम सभी ज़िंदा बचकर बहुत खुश हैं.

पिस्सू का जीवन खतरनाक होता है.

लेकिन पिस्सू समझदार होते हैं.

वे भाग्यशाली होते हैं.

कम-से-कम हममें से कुछ हमेशा जीतते हैं!

हरमन एक छोटा पिस्सू है

उसकी तमाम समस्याएँ हैं!

हरमन और उसका परिवार भूखा है.

उन्हें एक कुत्ते पर कूदना है.

फिर उनके पास खाने के लिए बहुत कुछ होगा.

लेकिन कुत्ते को ढूँढना हमेशा आसान नहीं होता.

और कुत्ते पर टिके रहना आसान नहीं होता है.

हरमन का कहना है कि पिस्सू होशियार और भाग्यशाली होते हैं.

वह यह भी कहता है कि पिस्सू हमेशा जीतते हैं.

क्या यह पिस्सू जीतेगा?